राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की स्व. चतुर्वेदी के निधन पर शोक संवेदना

जयपुर, 19 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा और महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के कुलपति रहे सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् प्रो. पी.एल. चतुर्वेदी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

आज यहां जारी अपनी शोक संवेदना में श्री मिश्र ने कहा कि स्व. चतुर्वेदी देश के ऐसे शिक्षाविद् थे जिन्होंने शिक्षण में गुणवत्ता वृद्धि के साथ ही संस्कार निर्माण के लिए भी निरन्तर कार्य किया। उन्होंने स्व. चतुर्वेदी के शिक्षण कार्यों को स्मरण करते हुए कहा कि वह ऐसे शिक्षक थे जिन्होने अपने विद्यार्थियों को ही ज्ञान से आलोकित नहीं किया बल्कि समाज को भी अपने शिक्षण नवाचारों, नीतियों–रीतियों से सदा प्रकाशित किया।

राज्यपाल ने ईश्वर से पुण्यात्मा को शांति प्रदान करने और उनके परिजनों को यह भारी दुःख सहने करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

———